# ।। कार्यालय पुलिस आयुक्त, जयपुर।।

क्रमांकः–प.3(4)पु.फो. उ.नि. से पु.नि./2025/2454 दिनांक :– 01/03/25

1. निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी/एफएसएल/एफपीबी, राजस्थान जयपुर।
2. पुलिस आयुक्त, जोधपुर/जयपुर।
3. समस्त महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान मय रेंज।
4. समस्त उप महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान मय रेंज।
5. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, राजस्थान मय पुलिस दूर संचार/जी.आर.पी. अजमेर/जोधपुर/एसीबी/एटीएस/एसओजी/सी.आई.डी. सी.बी./आई.बी., राजस्थान।
6. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एव यातायात), पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर।
7. प्रधानाचार्य, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर/किशनगढ।
8. समस्त कमाण्डेन्ट पीटीएस, राजस्थान मय सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस कमांडो ट्रैनिंग स्कूल, जोधपुर एवं पीएमडीएस, बीकानेर।

विषयः–उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक (ए.पी./सी.पी.) पद की योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2021–22 के संबंध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय के पत्रांक 2324 दिनांक 25.02.2025 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक (ए.पी./सी.पी.) पद की योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2021–22 में **127 (अनुसूचित जाति–21, अनुसूचित जनजाति–22 एवं सामान्य–84)** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्यात्मक परीक्षा की लिखित परीक्षा निर्देशानुसार अपरिहार्य कारणों से दिनांक 08.03.2025 व 09.03.2025 के स्थान पर दिनांक 10.03.2025 व 11.03.2025 को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में आयोजित की जावेगी।

| दिनांक | प्रश्न पत्र | समय |
|---|---|---|
| 10.03.2025 | प्रथम प्रश्न पत्र<br>कानून एवं प्रक्रिया | दोपहर 2.00 से सायं 5.00 बजे तक |
| 11.03.2025 | द्वितीय प्रश्न पत्र<br>अनुसन्धान कार्य | प्रातः 9.00 से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 11.03.2025 | तृतीय प्रश्न पत्र<br>व्यावहारिक पुलिस प्रक्रिया | दोपहर 2.00 से सायं 5.00 बजे तक |

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र उप निरीक्षक दिनांक 09.03.2025 को सांय 05.00 बजे तक राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में उपस्थिति देने हेतु पाबन्द करावें।

अतः आपके अधीन पदस्थापित उप निरीक्षक गण चाहे वह अवकाश, गैर हाजिर, प्रतिनियुक्ति, अटैचमेन्ट, निलम्बित/प्रशिक्षण संस्थान में अथवा अन्य कार्यालयों में स्थानान्तरण/अटैचमेन्ट अथवा राज्य कार्यवश मुख्यालय से बाहर गये हो तो उन्हें भी उपरोक्तानुसार अपने स्तर पर सूचित करावें।

उक्त आशय से समस्त पात्र उप निरीक्षक गण को सूचित करवा दिया गया है, का प्रमाण पत्र दिनांक 05.03.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय के ई–मेल (dcphqjaipur@gmail.com) पर आवश्यक रूप से रेंज कार्यालय के माध्यम से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें। यदि कोई पात्र उप निरीक्षक गण सूचित होने के अभाव में परीक्षा से वंचित रह गया हो तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आपके कार्यालय की होगी।

**भवदीय,**

1/3/25

**(देवेन्द्र कुमार बिश्नोई)**
पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय,
पुलिस आयुक्तालय, जयपुर
**(सदस्य सचिव चयन मण्डल)**

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. समस्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान।
2. समस्त अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान।
3. महानिरीक्षक पुलिस, सर्तकता, राजस्थान। **(अध्यक्ष चयन मण्डल)**
4. महानिरीक्षक पुलिस, मुख्यालय/सीआईडी सीबी/सीआईडी आईबी/एस.सी.आर.बी./एसीबी/कार्मिक/एटीएस/रेल्वेज, राजस्थान।
5. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अपराध/कानून एवं व्यवस्था/यातायात एवं प्रशासन, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।
6. निदेशक, इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी, जयपुर। **(सदस्य चयन चयन मण्डल)**
7. उप महानिरीक्षक पुलिस, आरएसी, राजस्थान, जयपुर। **(सदस्य चयन मण्डल)**
8. उप महानिरीक्षक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर।
9. पुलिस अधीक्षक, एस.सी.आर.बी., राजस्थान, जयपुर को भेज कर निवेदन है कि उक्त पत्र को राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करवाने एवं संबंधित कार्यालय को ई—मेल भिजवाया जाकर ई—मेल प्रेषित रिपोर्ट इस कार्यालय में भिजवाने का श्रम करावें।
10. पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय भण्डार, पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर।
11. समस्त पुलिस उपायुक्त/अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त/स्टॉफ ऑफिसर/सहायक पुलिस आयुक्त/थानाधिकारी/संचित निरीक्षक/अपराध सहायक/शाखा प्रभारी, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर को प्रेषित की जा रही है, आपके कार्यालय/थाने में पदस्थापित उप निरीक्षकों सूचित करे। समस्त उप निरीक्षक गण को सूचित कर दिया गया है का प्रमाण पत्र दिनांक 05.03.2025 तक संबंधित पुलिस उपायुक्त के मार्फत इकजाई सूचना इस कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई पात्र उप निरीक्षक सूचित होने से वंचित रहता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय की होगी।

1/3/25

पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय,
पुलिस आयुक्तालय, जयपुर